an>

Title: Need to upgrade the status of Sardar Ballabh Bhai Patel Agricultural and Technological University, Meerut, Uttar Pradesh.

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ): अध्यक्ष जी, पश्चिम उत्तर प्रदेश के मेरठ में स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश के 18 जिलों को अपने से सम्बद्ध करते हुए 262 हेक्टेअर में फैला हुआ है, जिसमें 42.5 हेक्टेअर में फसल शोध केन्द्र कार्यरत हैं। उत्तर प्रदेश के नौ कृषि जलवायु पारिस्थितिकी क्षेत्रों में से तीन क्षेत्र इस विश्वविद्यालय के कमाण्ड एरिया में स्थित हैं। बुलन्दशहर, बिजनौर के नगीना क्षेत्र तथा बदायूं जनपद के उझानी में इस विश्वविद्यालय के तीन जोनल शोध स्टेशन्स अलग-अलग कृषि जलवायु पारिस्थितिकियों में कार्य करते हुए, उत्तर प्रदेश को कृषि शोध एवं उपज में समृद्ध बना रहे हैं। विश्वविद्यालय से सम्बद्ध 13 कृषि विज्ञान केन्द्र विश्वविद्यालय में किए जा रहे शोध को क्षेत्र के किसानों के खेतों तक पहुंचा रहे हैं। उपरोक्त शिक्षण, शोध एवं कृषि उपज में समुन्नति को तीव्र से तीव्रतर करने हेतु उपरोक्त विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय के रूप में उच्चीकृत किया जाना आवश्यक है, ताकि सम्पूर्ण पश्चिम उत्तर प्रदेश में कृषि एवं कृषि आधारित उद्योगों के विकास के साथ, यह क्षेत्र भारत में कृषि के गौरव का केन्द्र बन सके।

<u>13.00 hours</u>

इसलिए मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि मेरठ स्थित सरदार बल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय को केन्द्रीय कृषि एवं प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय के रूप में उच्चीकृत करने का कष्ट करें। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र और

कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल को श्री राजेन्द्र अग्रवाल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

â€¦(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : अजय जी, यह टोटली स्टेट मैटर है।